Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-03-2006

Participants : Maheshwari Smt. Kiran

an>

Title : Need to set up a T.V. Studio in Udaipur, Rajasthan.

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) : मैं आपके माध्यम से सूचना एवं प्रसारण मंत्री और सरकार का ध्यान इस ओर आकर्ति कराना चाहती हूं कि राजस्थान का उदयपुर जिला एक ट्राइबल एरिया है। वहां पर दूरदर्शन स्टूडियो के संदर्भ में सन् 1995 में भूमि पूजन हुआ था, उसका शिलान्यास हुआ था और दूरदर्शन विभाग की तरफ से वहां दूरदर्शन स्टूडियो खोलने के लिए 35 लाख रुपये दिये गये। वहां शिलान्यास होने के बाद जमीन इल्लीगल और कुछ कांप्लीकेशंस होने की वजह से स्टे हो गया, अब वे सारे कांपलीकेशंस खत्म हो गए। मैं चाहती हूं, वित्त मंत्री जी भी यहां विराजमान हैं, इसे इलेवेंथ फाइनेंस कमीशन में लिया जाए, ताकि हमारा जो दूरदर्शन स्टूडियो ट्राइबल बेल्ट में है और वहां जिस प्रकार की संस्कृति है, वहां पर इतने आर्टिस्ट हैं, उसे देखते हुए यह बहुत ही आवश्यक है कि वहां पर दूरदर्शन का स्टूडियो हो। वैसे भी राजस्थान में केवल एक ही दूरदर्शन का स्टूडियो है, जो जयपुर में है। उदयपुर सदर्न राजस्थान का बहुत ही इंपोर्टेंट प्लेस है, टूरिस्ट प्वाइंट आफ व्यू से भी बहुत इंपोर्टेंट है, हैरीटेज सिटी है, इस नाते वहां दूरदर्शन का स्टूडियो खुलना चाहिए। इसलिए मेरा सरकार से निवेदन है कि जल्द से जल्द दूरदर्शन स्टूडियो की स्वीकृति प्रदान करके, जो पैसा वहां पूर्व में लगाया गया है, उस पैसे का उपयोग हो सके, क्योंकि उन्होंने जमीन खरीद ली है, जमीन का पैसा भी दे रखा है, बांउड्री वाल बन गयी है, केवल दूरदर्शन स्टूडियो खुलना है, जो कि इनकी स्कीम में भी है। जब आप कहते हैं कि बहुत सारे नए दूरदर्शन स्टूडियो खुलेंगे, तो कृपया या वहां भी स्वीकृति प्रदान करें। मेरा आपसे यह निवदेन है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Prof. Rasa Singh Rawat - Not present.